पत्रांक 19/ए 3 –28/2025
बिहार सरकार
उच्च शिक्षा विभाग

प्रेषक,

अजीत कुमार सिंह,
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

कुलसचिव,
वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा।

पटना, दिनांक– 09/02/ 2026

विषय :– धन कुमार सिंह, कॉलेज, श्यामल नगर, लक्ष्मणपुर बिक्रमगंज, रोहतास को संबंधन प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक वीर कुँवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा के पत्रांक C/423/Estab/2025 दिनांक 20.03.2025 द्वारा धन कुमार सिंह, कॉलेज, श्यामल नगर, लक्ष्मणपुर बिक्रमगंज, रोहतास को स्नातक कला संकाय के प्रतिष्ठा स्तर के कतिपय विषयों में शैक्षणिक सत्र 2025–29 एवं 2026–30 के लिये अस्थायी नव संबंधन प्रदान करने के प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

सम्यक समीक्षोपरान्त प्रश्नगत महाविद्यालय के प्रस्ताव के साथ विश्वविद्यालय द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेख/साक्ष्यों में परिनियमानुसार भूमि, भवन, शिक्षकों की संख्या, पुस्तकालय अंतर्गत पुस्तकों एवं अन्य आधारभूत संरचना पूर्ण नहीं किये जाने के कारण शैक्षणिक सत्र 2025–29 एवं 2026–30 दो सत्रों के लिये अस्थायी नवसंबंधन प्रदान करने के विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर अस्वीकृति संसूचित की जाती है।

2. प्रस्ताव पर माननीय मंत्री महोदय का आदेश प्राप्त है।

विश्वासभाजन
ह0/–
(अजीत कुमार सिंह)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–19/ए 3–28/2025 –217 पटना, दिनांक– 09/02/2026

प्रतिलिपिः– उप सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना/प्राचार्य, धन कुमार सिंह, कॉलेज, श्यामल नगर, लक्ष्मणपुर बिक्रमगंज, रोहतासएवं विभागीय आई0टी0 मैनेजर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Ajit
9/2/26
सरकार के उप सचिव